# स्वदेशी जागरण यात्रा देश हित में विन्ध्य चेम्बर का सराहनीय कदम : प्रतिमा

## जन जागरुकता के लिए विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज ने निकाली स्वदेशी जागरण यात्रा

नवभारत न्यूज

**सतना, 13 अगस्त. हम सभी को आज से संकल्प लेना होगा कि हमारे घर मे कोई भी विदेशी वस्तुएं उपयोग मे न ली जाये प्रत्येक घर मे स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग किया जाये। चेम्बर की तारीफ करते हुए राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि देषहित में विन्ध्य चेम्बर का सराहनीय कदम है उक्त बातें विन्ध्य चेम्बर द्वारा आयोजित स्वदेशी जागरण यात्रा के समापन पर अपने उदबोधन में कही।**

विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना द्वारा स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से स्वदेशी जन जागरण यात्रा का भव्य आयोजन आज बुधवार सायं 04 बजे जयस्तम्भ चौक सतना मे किया गया। चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर चेम्बर एवं स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से सभी व्यवसायियों एवं आम जन को स्वदेशी अपनाने हेतु जन जागरण यात्रा का आयोजन जयस्तम्भ चौक से प्रारम्भ होकर स्टेशन रोड, पन्नीलाल चौक होते हुए वापिस जयस्तम्भ चौक सतना मे सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान विभिन्न स्वदेशी उत्पादों की श्लोगन पट्िका लेकर लोग निकले। यात्रा का उद्देष्य लोगो का स्वदेशी



उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाना व उन्हें देश के उत्पादों का समर्थन करने के लिए प्रेरित करना है। यात्रा का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

चेम्बर अध्यक्ष सतीष सुखेजा ने कहा कि हमे लगता है कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने से हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने मे मदद मिलेगी। हम लोगो से आग्रह करते है। कि वे स्वदेशी उत्पादों का समर्थन करे और अपने देश के उत्पादों बढ़ावा दे। वरिष्ठ समाज सेवी उत्तम बनर्जी ने स्वदेषी उत्पादों के उपयोग हेतु अपील की है ।चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष कमलेश पटेल ने कहा कि हमे स्वदेशी अपनाना होगा और इसकी शुरूआत सर्वप्रथम अपने घर से और खुद से करनी होगी ।इस अवसर पर राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, चेम्बर अध्यक्ष, सतीश सुखेजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी, महामंत्री संदीप जैन, चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष कमलेष पटेल, क्लाथ मर्चेन्ट एसोसिएषन के अध्यक्ष फेरूमल तोलवानी, सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा, मणीकान्त माहेश्वरी, अनिल जायसवाल, प्रसेनजीत सिंह तोमर, रवीन्द्र सेठी, कमलजीत सेठी पप्पू, नयनदीप सिंह सेठी, ब्रजेष शुक्ला, बब्बल भाठिया, जनरल मर्चेन्ट एसोसिएषन के अध्यक्ष जेठानन्द वाधवानी, मंत्री गुरमुख पंजवानी, किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष रामावतार चमड़िया, मनोहर डिगवानी, राजीव गुप्ता, जयस्तम्भ चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष राकेष अग्रवाल, मंत्री आशीष मोगिंया, रेडीमेड वस्त्र व्यापारी संघ के अध्यक्ष अषोक वाधवानी, पन्नीलाल चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष नवीन गुप्ता, श्रीलाल बहादुर शास्त्री सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पुलिया के निकट ई-रिक्शा चालक पर फायर..!

## जांच में जुटी जीआरपी, खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

नवभारत न्यूज

**सतना, 13 अगस्त. रेलवे स्टेशन परिसर के अंधेरी पुलिया इलाके में बुधवार शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब एक बाइक सवार ने ई-रिक्शा चालक पर सरेआम फायर कर दिया। गोली चालक के कान को छूते हुए निकल गई, जिससे उसकी जान बाल-बाल बची। वारदात से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर मौजूद लोग दहशत में आ गए।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, खूथी निवासी ई-रिक्शा चालक नवी अहमद सवारी लेकर जयस्तंभ चौक की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसकी ई-रिक्शा एक बाइक से हल्की टक्कर खा गई। इससे नाराज बाइक सवार ने मौके पर विवाद किया।

नवी के अनुसार जैसे ही वह जब अंधेरी पुलिया की तरफ मुड़ा, तो बाइक सवार ने उसकी ई-रिक्शा रोक ली और कट्टे से फायर



कर दिया। गोली नवी के कान के पास से निकल गई, जिससे उसे मामूली चोट आई।

कोतवाली में की शिकायत घटना के समय ई-रिक्शा में बैठी सवारी अंजलि जायसवाल ने भी पुलिस को बताया कि आरोपी ने कट्टे से फायर किया था। पीड़ित चालक नवी ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन चूंकि वारदात रेलवे परिसर की सीमा में हुई, इसलिए मामला आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी को सौंप दिया गया।

### खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

जीआरपी उप थाना प्रभारी राजेश राज ने बताया कि पीड़ित ने प्रारंभिक बयान में केवल जयस्तंभ चौक पर हुए विवाद का जिक्र किया है, गोली चलाने की बात नहीं कही है। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

# कलेक्टोरेट से सटी गुमटियों में पेट्रोल का अवैध भण्डारण

## एसडीएम की जांच में हुआ खुलासा, पुलिस को कार्रवाई के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सतना 13 अगस्त. जिला कलेक्टोरेट परिसर के गेट क्रमांक 3 के आस पास ठेलों-गुमटियों की संख्या में दिनों दिन इजाफा होता जा रहा था. अतिक्रमण की बढ़ती समस्या को देखते हुए एसडीएम, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई शुरु की गई. लेकिन इस दौरान की गई जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा सामने आया कि गुमटियों में अवैध तौर पर पेट्रोल का स्टाक करके रखा गया था.**



जिला कलेक्टोरेट परिसर के गेट क्रमांक 3 के आस पास ठेले-गुमटियों की बढ़ती संख्या के चलते अतिक्रमण की समस्या सामने आने लगी थी. जिसके कारण कलेक्टोरेट परिसर में अपने-अपने कार्य को लेकर पहुंचने वाले लोगों को खासी समस्या का सामना करना पड़ रहा था. जिसे देखते हुए एसडीएम रघुराजनगर राहुल सिलाड़िया द्वारा परिसर और आस पास के क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त करने की पहल शुरु की. इसी कड़ी में बुधवार को पुलिस और नगर निगम की टीम को मौके पर बुला लिया गया. एसडीएम और सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी, कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी, नगर निगम की अतिक्रमण शाखा से लक्ष्मी तिवारी, सज्जन सिंह के साथ पुलिस बल और अतिक्रमण दस्ते द्वारा संयुक्त तौर पर कार्रवाई शुरु की गई. इस दौरान वहां पर मौजूद सभी अवैध ठेले और गुमटियों को हटा दिया गया. लेकिन वहीं मौजूद कुछ गुमटियों की जब एसडीएम ने जांच की तो प्लास्टिक की बोतलों में पेट्रोल भरा पाया गया. इस संबंध में जब एसडीएम ने दुकानदारों से पूछताछ की तो मालुम हुआ कि बोतलों में रखा यह पेट्रोल बेचा जाता है. लिहाजा गुमटियों के जरिए अवैध तौर पर पेट्रोल के अवैध भण्डारण और बिक्री को देखते हुए एसडीएम ने पुलिस अधिकारियों को इस संबंध में जांच कार्रवाई करने के निर्देश दे दिए.

### हॉल को किया गया सील

कलेक्टोरेट परिसर के गेट क्र. 3 के आस पास मौजूद अतिक्रमण को हटाने के बाद एसडीएम द्वारा परिसर में अधिवक्ताओं के लिए बने चेंबर्स का निरीक्षण किया. जहां पर जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई कि इन चेंबर्स में अधिवक्ताओं के अतिरिक्त अन्य व्यक्ति कथित रुप से रजिस्टर्ड मोर्गेज का व्यवसाय कर रहे थे. जांच के दौरान ऐसे लोग न तो कोई वैध लाइसेंस ही प्रस्तुत कर सके और न ही उसमें निर्दिष्ट व्यवसाय के स्थान की जानकारी ही दे पाए. जिसे देखते हुए 10 लोगों का चालान करते हुए उनसे 8 हजार 200 रु की राशि वसूल की गई. इतना ही नहीं बल्कि इस तरह की अनियमितताओं को देखते हुए उक्त हॉल को सील करने की कार्रवाई भी की गई.

### जारी रहेगी कार्रवाई


एसडीएम राहुल सिलाड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी. एसडीएम ने स्पष्ट किया कि शासकीय परिसरों में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण, अनाधिकृत व्यवसाय और खतरनाक पदार्थों का भण्डारण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. लिहाजा इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी.

# विद्यालय की छत का प्लास्टर गिरा, बाल-बाल बचे बच्चे

नवभारत न्यूज

**सतना 13 अगस्त. शासकीय विद्यालय भवनों की जर्जर स्थिति के चलते जिले के अलग अलग स्थानों से कभी छत तो कभी दीवार का प्लास्टर गिरने की जानकारी अक्सर सामने आती रहती है. लेकिन इसके बावजूद भी जिस तरह से जिम्मेदारों द्वारा शुतुरमुर्गी रवैया अपनाया जा रहा है. उसे देखकर लग रहा है कि किसी गंभीर हादसे के बाद ही अमला जागने के लिए मजबूर होगा.**

जिले के मझगवां क्षेत्र की पिण्डरा पंचायत अंतर्गत ग्राम बरुआ कोलान



में स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय की छत का प्लास्टर बुधवार को अचानक भर भराकर नीचे गिर पड़ा. यह तो गनीमत रही कि विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे उस दौरान उस कमरे में मौजूद नहीं थे. अन्यथा कोई बड़ा हादसा सामने आ सकता था. विद्यालय के जिस कमरे में छत का प्लास्टर नीचे गिरा वहां पर एक बड़े हिस्से में सरियों का जाल नजर आने लगा. जिससे स्पष्ट हो गया कि सीलन और पानी रिसने के चलते छत पूरी तरह से कमजोर हो चुकी थी. यदि समय रहते उसे दुरुस्त नहीं किया गया तो किसी भी दिन गंभीर हादसा सामने आ सकता है. वहीं घटना की जानकारी मिलने पर आदिवासी बस्ती में रहने वाले अभिभावकों द्वारा विद्यालय के शिक्षकों से उक्त घटना को लेकर चिंता जाहिर की गई. विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बताया गया कि भवन की हालत के बारे में जानकारी उच्चाधिकारियों को पहले ही दी जा चुकी है.

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर मौत

## सभापुर के पड़ुहार मोड़ पर हुआ हादसा, जांच में जुटी पुलिस



नवभारत न्यूज

**सतना, 13 अगस्त. जिले के सभापुर थाना क्षेत्र में पड़ुहार मोड़ पर बुधवार सुबह कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। घटना में 45 साल के सब्जी विक्रेता वेदांती कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेमरिया थाना क्षेत्र के मझगवां निवासी वेदांती कुशवाहा सुबह करीब 10 बजे बाइक पर सब्जी लेकर बिरसिंहपुर जा रहे थे। पड़ुहार मोड़ पर सामने से आ रही कार (MP13ZV4914) से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वेदांती सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौत हो गई।

### कार चालक फरार

राहगीरों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिरसिंहपुर अस्पताल भेज दिया है। हादसे के बाद कार चालक गा?ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार कार रीवा जिले के बेलहाई थाना सेमरिया की है। मृतक नियमित रूप से बिरसिंहपुर में सब्जी बेचने आते थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# स्वतंत्रता दिवस पर 17 बंदी रिहा होंगे

नवभारत न्यूज

**सतना 13 अगस्त. केन्द्रीय जेल सतना में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजीवन कारावास के 17 दंडित बंदी जेल मुख्यालय के आदेश एवं राज्य शासन से घोषित परिहार का लाभ प्राप्त कर सजा भुगत कर रिहा होंगे।**

जेल अधीक्षक लीना कोष्टा ने बताया कि रिहा होने वाले बंदियों में सतना जिले के 4, छतरपुर जिले के 10 तथा मैहर, पन्ना एवं सिहोर जिले के 1-1 बंदी सजा भुगत कर रिहा होंगे।

### बाइक रैली आज

मैहर. हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और स्थानीय प्रशासन के तत्वाधान में 14 अगस्त को प्रातः 10 बजे से मुख्य समारोह स्थल अलाउद्दीन खां स्टेडियम मैहर में तिरंगा बाइक रैली निकाली जायेगी। अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि यह तिरंगा बाइक रैली स्टेडियम से निकलकर अजमीढ चौक होते हुए स्टेट बैंक चौराहा, आरओबी ब्रिज से हरनामपुर तक जायेगी। सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी बाइक और स्कूटी में तिरंगा झंडा लगाकर और हेलमेट सहित इस तिरंगा बाइक रैली में शामिल होंगे।

# शहडोल से दबोचा गया दुष्कर्म का आरोपी

नवभारत न्यूज

**सतना, 13 अगस्त. पुलिस ने बुधवार को रेप मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया। बदेरा क्षेत्र में 35 साल की मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला से रेप के मामले में फरार चल रहे आरोपी सुशील बंशकार को दबिश पर गिरफ्तार कर लिया गया है।**

पुलिस के अनुसार मामला 19 जून 2025 का है। आरोपी सुशील बंसल, राजा बंसल और जुगुल किशोर साकेत ने मिलकर पीड़िता के साथ रेप किया था। पुलिस ने इस मामले में पहले ही राजा बंसल को गिरफ्तार कर लिया था। थाना प्रभारी बदेरा अभिषेक सिंह परिहार के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की।



पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शहडोल जिले के ग्राम कुआ में पहाड़ के किनारे झोपड़ी बनाकर रह रहा है। लिहाजा पुलिस टीम ने दबिश देते हुए 28 वर्षीय सुशील बंशकार निवासी ग्राम बरकुला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम की धारा 92(ख) और बी.एन.एस. की धारा 64(2)(झ), 70(1) के तहत कार्रवाई की गई।

### निलंबित हुए प्रधान आरक्षक

जिले के सभापुर थाने में तैनात प्रधान आरक्षक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए गए. प्राप्त जानकारी के अनुसार सभापुर थाने में ततैनात प्रधान आरक्षक पप्पू यादव का नशीली दवा के तस्करों से की जाने वाली बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर जमरक वाइरल हो रहा था. जिसकी जानकारी पुलिय कप्तान के पास भी पहुंच गई. लिहाजा उक्त वाइरल ऑडियो के जरिए नशे के तस्कर से प्रधान आरक्षक के बीच बातचीत होने की जानकारी स्पष्ट होते ही पुलिस अधीक्षक द्वारा निलंबित करने से संबंधित आदेश जारी कर दिया गया. उक्त ऑडियो में होने वाली बातचीत के जरिए यह भी स्पष्ट होता नजर आया कि जिले के बिरसिंहपुर कस्बे से लेकर सभापुर, कोटर सहित सतना के बजरहा टोला से किस तरह नशीली दवाओं का कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है. लिहाजा नशे के इस गठजोड़ पर भी कड़ा प्रहार करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है.

## एक नजर में




### चिन्मय विद्यालय में गूंजा हमारा तिरंगा हमारी शान

**सतना.** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज चिन्मय विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति पूर्ण नारों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। चिन्मय विद्यालय से यात्रा प्रारंभ होकर राजेंद्र नगर पार्क क्षेत्र से होते हुए विद्यालय में आकर समाप्त हुई। पूरा माहौल देशभक्ति पूर्ण नारों से गूंज रहा था। आज के युवाओं में देशभक्ति की भावना भरे तथा वह अपने अमर शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखकर देश के प्रति अपने कर्तव्यों को कभी ना भूले यह प्रयास किया गया। तिरंगा यात्रा में प्राचार्य अमरनाथ अवस्थी उप प्राचार्य अंशु राय प्रीति नेमा सीता गुप्ता धीरेंद्र गौतम आदि समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा का मार्ग में जगह जगह अभिभावकों एवं नागरिकों ने स्वागत किया।

### जिला शिक्षा अधिकारी से सौजन्य भेंट

**सतना.** शासकीय सेवक सेतु के जिलाध्यक्ष एवं जिला मास्टर ट्रेनर ईको क्लब ब्रजनंदन



तिवारी ने नवागत जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कंचन श्रीवास्तव से सौजन्य भेंट कर उनका अभिनंदन किया । साथ ही जिले के पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम में अभी तक हुए कार्यों एवं उपलब्धियों के विषय में संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। तथा पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम को और व्यवस्थित और सुचारू रूप से लागू करने हेतु विभिन्न विद्यालयों से ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम हेतु प्रस्ताव आए इस हेतु मीटिंग बुलाकर प्रभारियों को दिशा निर्देश प्रदान करने हेतु निर्देशित किया।

### सेवा दल के राज कुमार पाण्डेय का निधन

**सतना.** काग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिन राम प्रताप कुशवहा लाला ने बताया कि



काग्रेस सेवादल के पूर्व प्रदेश सचिव धवारी निवासी राजकुमार पाण्डे लम्बी बीमारी के बाद बुधवार को अपने निज निवास में अन्तिम साँस ली.वे कई वर्षों से लकवाग्रस्त थे. 2001 से 2008 तक सेवादल के ग्रामीण अध्यक्ष एवं बाद में 8 वर्षों तक प्रदेश सचिव के पद पर रहे ।सेवा दल कार्यकर्ताओं ने उनके निधन पर निज निवास पहुंचकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की. उनका अंतिम संस्कार धवारी स्थित मुक्तिधाम में परम्परागत रीति रिवाज के साथ किया गया.

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने मनाया अखंड भारत संकल्प दिवस

नवभारत न्यूज

**सतना, 13 अगस्त. विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा जैतवारा प्रखंड के अंतर्गत अखंड भारत संकल्प दिवस का कार्यक्रम जैतवारा हायर सेकेंड्री विद्यालय में भारत माता कि आरती के साथ संपन्न हुआ.**

जिसमें प्रमुख मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत संयोजक बजरंग दल यातेंद्र पाठक ने विद्यार्थियों को अखंड भारत की



संकल्पना बताया अखंड भारत, जिसे अविभाजित भारत या अखंड हिंदुस्तान भी कहा जाता है, एक एकीकृत वृहत्तर भारत की अवधारणा है, जिसमें आधुनिक अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और तिब्बत को एक राष्ट्र माना जाता है. मंच संचालन का कार्य सतयप्रकाश द्विवेदी ने किया एवं मुख्य अतिथि प्राचार्य हायर सेकेंडरी प्रखंड उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह प्रखंड मंत्री मनोज गुप्ता प्रखंड संयोजक पवन पांडे कार्यकर्ता स्थित रहे विद्यालय के सभी अध्यापक उपस्थित रहे छात्र रहे।

# विभाजन विभीषिका स्मृति पर संगोष्ठी आज

**सतना, 13 अगस्त.** प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमन्त खण्डेलवाल के निर्देशानुसार विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर आज कलकत्ता मैरिज गार्डन, सेमरिया चौक में संगोष्ठी एवं मौन जुलूस का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता पूर्व संभागीय संगठन मंत्री शैलेन्द्र बरुआ होंगे।

# डीआरयूसीसी में सदस्य बनाए गए विक्रम

नवभारत न्यूज

**सतना, 13 अगस्त. विक्रम सिंह विसेन को जबलपुर मंडल (वेस्ट सेंट्रल रेलवे) की रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) का सदस्य बनाया गया है।**

यह नियुक्ति सतना सांसद गणेश सिंह के अनुरोध पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा की गई है। विक्रम सिंह अब जबलपुर मंडल की डीआरयूसीसी की बैठकों में



शामिल होकर यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सुझाव देंगे। यह भूमिका उन्हें रेलवे के निर्णयों में उपभोक्ताओं की आवाज उठाने और सुधार के अवसर प्रदान करेगी

# आक्रोशित किसानों ने एनएच-30 पर किया प्रदर्शन, एसडीएम की समझाइश पर माने

नवभारत न्यूज

**सतना, 13 अगस्त. मैहर में यूरिया खाद वितरण में कथित पक्षपात को लेकर किसानों ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया।**

नाराज किसानों ने परसवाही के पास नेशनल हाईवे-30 पर चक्काजाम कर दिया। इससे दोनों तरफ कई किलोमीटर लंबी वाहनों की कतारें लग गईं। किसानों की ओर से लगाए गए जाम के बाद हजारों यात्री फंस गए। एम्बुलेंस और स्कूल बसें भी प्रभावित हुईं। किसानों का आरोप था कि परसवाही खाद वितरण केंद्र के प्रबंधक मनमानी कर रहे हैं। खाद की



समय पर उपलब्धता नहीं होने से फसलें प्रभावित हो रही हैं।

सूचना मिलते ही अमरपाटन एसडीएम डॉ. आरती सिंह और थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से बातचीत की। स्थिति को समझा और आश्वासन दिया। एक घंटे की मशक्कत के बाद किसान माने और जाम खुल गया। एसडीएम डॉ. आरती सिंह ने बताया कि खाद वितरण में आ रही दिक्कतों को दूर कर लिया गया है। किसानों को आश्वस्त किया गया है कि वितरण में किसी तरह का पक्षपात नहीं होगा।